AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

गौरव की कहानियां सुनाएगा लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ ही अब उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक गौरव और यहां की विरासतों से जुड़ी हुई कहानियां भी सुनाएगा। विश्वविद्यालय के मानव शास्त्र विभाग ने अपने 10 वर्षीय विजन प्लान में इसको शामिल किया है। मानव शास्त्र विभाग के पास यूपी की विरासत और यहां की संस्कृति से जुड़े हुए किस्सों का एक बड़ा संकलन है। इसे आमजन तक कैसे पहंचाया जा सकता है। इसका रोड मैप 10 वर्षीय विजन प्लान में दिया गया है। (संवाद)

मशीन बताएगी, आप तनाव में तो नहीं

लखनऊ। अगर आप तनाव में हैं तो अब इसका पता चल जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के प्रो. मसूद एच सिद्दीकी ने ऐसा ही एक डिवाइस विकसित किया है। इसके माध्यम से मानव के अवसाद में होने का पता लगाया जा सकेगा। इस डिवाइस के लिए 14 मार्च को भारत सरकार ने पेटेंट भी जारी कर दिया गया है। इस पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रो. मसूद को शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

कैंपस प्लेसमेंट में 31 मेधावी सफल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की ओर आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के 31 विद्यार्थियों का चयन देश की चार प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। इन्हें प्रतिवर्ष छह लाख रुपये तक का पैकेज मिलेगा। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया सफल अभ्यर्थियों में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव, दिव्यांशी, अभिनव, आदित्य पांडेय, अमान अली, अंकित सिंह, जतिन कश्यप, कार्तिकेय कुमार, कृष्णकांत, क्षमा दुबे, नेहा मौर्या, निखिल सोनी, रजनीश कुमार, शिवांगी, शिवानी सिंह, उत्कर्ष मेहरा, अन्नया यादव, कोमल, निशा यादव, प्रतीक्षा बाजपेई, प्रियंका कुशवाहा, साक्षी वर्मा, सौम्या, वरुण कुमार, मोहम्मद साद, रघुवंश शर्मा, शंकर कुमार, सोनाली शर्मा, जेबा, आदर्श कुमार व नितिन वर्मा शामिल हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी को शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

NBT PAGE 4

5 विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के शेष पांच विषयों का रिजल्ट भी शुक्रवार को जारी कर दिया गया। विवि के पीआरओ डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ज्योग्राफी, फाइन आर्ट्स, सोशियोलॉजी, जूलॉजी और फिजिकल एजुकेशन की लिखित परीक्षा का रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस बीच छात्रों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा की आंसर-की जारी करने की मांग की है। सिके लिए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से जुड़े छात्रों ने शुक्रवार को एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय से मुलाकात की और प्रवेश परीक्षा परिणाम में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा।

कैंपस प्लेसमेंट में एलयू के 31 छात्रों का चयन

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू में शुक्रवार को इंजिनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट ड्राइव में चार कंपनियों ने 31 विद्यार्थियों का चयन किया। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि वीटेक की छात्रा दिव्यांशी को लर्निंग रूट्स में सेल्स असोसिएट पद पर 5.7 लाख और चिरंजीव श्रीवास्तव को आईवीएम में असोसिएट सिस्टम इंजिनियर पद पर 4.5 लाख रुपये का पैकेज मिला है। इसी तरह 29 अन्य छात्रों को स्किलवर्टेक में विजनेस डिवेलपमेंट असोसिएट पद के लिए ऑफर मिला है।

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू के 31 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 31 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि आईबीएम में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन एसोसिएट सिस्टम इंजीनियर पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष पर हुआ। वहीं बीटेक की छात्रा दिव्याशी का चयन सेल्स एसोसिएट के पद पर हुआ।

एलयूः सबके प्रयासों से मिटेगा क्षय रोग

लखनऊ। एलयू में विश्व क्षय रोग दिवस के मद्देनजर क्षय रोगियों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कार्य विभाग के पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता अकादमिक व छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि क्षय रोग को जड़ से मिटाना है। यह हम सब के प्रयासों से ही संभव है।

DAINIK JAGRAN PAGE 7

समृद्धि की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

प्रो. आलोक कुमार राय

योगी सरकार ने राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु समग्र योजना बनाने के साथ उसे धरातल पर मूर्त रूप भी दिया

जर्मनी के प्रथम चांसलर बिस्मार्क ने कहा था, 'राजनीति संभावनाओं की कला है।' यह कथन भारतीय राजनीति में भी परिलक्षित होता है। कई बार वह अनैतिक और अन्यायपूर्ण भी हो जाती है। बहुधा जैसे-तैसे करके शासन करना ही राजनीति का नियम बन गया है। चुनावी राजनीति भावनात्मक भी हो जाती है, जिससे भारत में राजनीति ने समय-समय पर तुच्छ राजनीतिक मुद्दों का सहारा लिया और जनमानस के व्यापक हितों को इसका परिणाम भुगतना पड़ा। एक बड़े कालखंड तक गरीबी उन्मूलन के स्थान पर 'गरीबी हटाओ' जैसी राजनीतिक प्रथा जारी रही। इससे एक ऐसी शासन व्यवस्था में वृद्धि हुई, जो समाज को निराशा और असंतुष्टि की ओर ले गई। इस प्रचलित राजनीतिक प्रथा को विकासात्मक शासन की व्यवस्था ने चुनौती दी। इस व्यवस्था ने राजनीति को विकास के द्वारा, विकास के लिए और विकास के माध्यम से एक उपकरण के रूप में नया सिद्धांत दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने जन-जन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली व्यवस्था की नींव रखने के लिए भारतीय राजनीति में विकास की भूमिका को पुनः परंतु नए तरीके से प्रस्तुत किया। अर्थशास्त्र की भाषा में विकास के इस माडल के लिए मूल्य-स्तर में परिवर्तन की अपेक्षा प्रति व्यक्ति आय में निरंतर वृद्धि की आवश्यकता है, ताकि 'पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति' अर्थात् समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाया जा सके।

मोदी सरकार की इस दूरगामी दृष्टि से प्रेरणा लेते हुए योगी सरकार ने राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु एक समग्र योजना की अवधारणा और इसके क्रियान्वयन की व्यापक रणनीति तैयार की। विकास में बुनियादी ढांचे के महत्व को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार ने इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। आर्थिक विकास को गति प्रदान करने हेतु बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निवेश की योजना बनाई। उदाहरण के लिए 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को न केवल आधारभूत संरचना के लिए, बल्कि विकास की एक स्थायी व्यवस्था के दृष्टिगत विकसित किया जा रहा है, जो सामाजिक उत्थान हेतु अति आवश्यक कनेक्टिविटी, रोजगार, सहायक उद्योगों की वृद्धि और समग्र भविष्य को तय करता है। राज्य सरकार ने शहरी ही नहीं, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत वितरण की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की है जो आर्थिक सुदृढ़ता के सभी प्रयासों के लिए अति आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन प्रदान करने को बढ़ावा दिया है। यह न केवल विश्वविद्यालयों की संख्या में वृद्धि, बल्कि उनकी उन्नत रैंकिंग और मान्यता से भी स्पष्ट हुआ है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लगभग नौ करोड़ लाभार्थियों को निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था से उत्तर प्रदेश में स्वस्थ भारत का नवनिर्माण किया जा रहा है।

अंत्योदय की संकल्पना को साकार करते योगी ● फाइल

शिक्षा तथा कृषि को जोड़ने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कृषि स्नातकों को ड्रोन तकनीक के द्वारा कृषि संवर्धन हेतु 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान स्वीकृत किए जाने की योजना बनाई। शिक्षा, खेल तथा रोजगार के संयुक्त विकास हेतु नई खेल नीति 2023 के तहत 172 राजकीय महाविद्यालयों में स्पोर्ट्स इन्फ्रा के निर्माण के साथ 132 खेल मैदान, 100 जिम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 82 स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई। स्वदेशी वस्तुओं के प्रोत्साहन तथा रोजगार सृजन के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना' और मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' की शुरुआत की गई है, जिससे अब तक लगभग 5,000 इकाइयों की स्थापना हुई और एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला। प्रदेश में हाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 32.92 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आने से लगभग 17 लाख नए रोजगार सृजन होने की संभावना है। हाल में राज्य सरकार ने 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रस्तुत करते हुए एक ट्रिलियन डालर इकोनमी के लक्ष्य की ओर सुदृढ़ कदम बढ़ाए हैं। इसी प्रकार विकास दर को बढ़ाने के लिए कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में भारी निवेश किया गया है। व्यापक नीतिगत सुधारों के तहत, शासन की भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी व्यवस्था ने राज्य के कोष को समृद्ध किया है, जिससे आर्थिक विकास के आधार का विस्तार हो रहा है।

दूसरे कार्यकाल में योगी सरकार ने विकास की प्राथमिकता के साथ दलितों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया है और इसके लिए नित नई योजनाओं का सृजन किया। 15 करोड़ अंत्योदय और पात्र लोगों को निःशुल्क खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन किसी विकासशील देश के लिए भी कल्पनातीत होगा, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्णता के साथ लागू किया। एक ओर सामाजिक कल्याण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता तो दूसरी ओर विदेशी निवेश के लिए रेड कार्पेट, सरकार द्वारा अपनाए गए समाज के समग्र विकास के मूल मंत्र को प्रदर्शित करता है।

जनसंघ के संस्थापक पं.दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के साधन के रूप में देखा था। अंतिम व्यक्ति तक के आर्थिक और सामाजिक कल्याण के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से संचालित विकासात्मक शासन, सरकार की सफलता के लिए अनिवार्य है। यह वास्तव में एक कल्याणकारी राज्य का निर्माण करता है, जो न केवल लोकतंत्र में राजनीति के स्तंभ को मजबूत करेगा, बल्कि राजनीति के मूल उद्देश्य को भी परिभाषित करेगा। इस व्यवस्था ने यह विश्वास बढ़ाया है कि उत्तर प्रदेश एक बेहतर, उज्ज्वल और समृद्ध प्रदेश बनने की दिशा में उत्तरोत्तर बढ़ता रहेगा।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति हैं)

response@jagran.com

i-NEXT PAGE 4

शिक्षक का अच्छा अभिनेता होना भी बेहद जरूरी

LUCKNOW (24 March): एलयू के रसायन विज्ञान विभाग में पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला में 11वें व्याख्यान में 1984 बैच के छात्र विनय पांडे उपस्थित रहे. उन्होंने थिएटर इन एजुकेशन-ब्रेकिंग द फोर्थ वाल पर व्याख्यान में अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया. उन्होंने कहा कि एक अच्छे शिक्षक को एक अच्छा अभिनेता भी होना चाहिए.

एलयूः छात्र आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, चैट जीपीटी पढ़ेंगे

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में अब छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) व चैट जीपीटी के बारे में पढ़ाया जाएगा। साथ ही एलुमिनाई बेस्ड प्लेसमेंट, डिजिटलाइजेशन, डाटा जर्नलिज्म, फेक न्यूज के प्रसार पर रोक और इंटरनेट व टेक्नोलॉजी के प्रयोग के बारे में भी दीक्षा दी जाएगी।

इन सभी पहलुओं को पत्रकारिता विभाग के हेड प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने अपने दस वर्षीय विजन प्लान में जगह दी है। प्रो. मुकुल का कहना है कि बदलते दौर में टेक्नोलॉजी रोजाना इंसानों का काम आसान कर रही है जिससे नौकरियों के अवसरों में कमी भी आ रही है। सभी विद्यार्थियों के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह टेक्नोलॉजी के साथ खुद को अपग्रेड करें।

अर्थशास्त्र विभाग बनेगा स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स

अर्थशास्त्र विभाग आने वाले समय में लखनऊ स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के तौर पर जाना जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार के सहयोग से विभाग को लखनऊ स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के रूप में विकसित किया जाएगा।

JAGRAN CITY PAGE III

10 कालेजों में शुरू होंगे नए पाठ्यक्रम

28 को होने वाली कार्यपरिषद की बैठक में सहयुक्तता के लिए रखा जाएगा प्रस्ताव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 10 डिग्री कालेजों में आगामी सत्र 2023-24 से कई नए पाठ्यक्रम करने की तैयारी है। इसमें तीन वर्षीय विधि, बीबीए, बीसीए, बीएससी सहित विभिन्न कोर्स शामिल हैं। 28 मार्च को होने वाली कार्यपरिषद की बैठक में इन प्रस्ताव पर अस्थायी सहयुक्तता देने पर विचार किया जाएगा।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई प्रस्ताव पर चर्चा होगी। मुख्य रूप से 10 कालेजों में नए कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव है। इसमें बापू नं. रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी महाविद्यालय में बीए के चांच अतिरिक्त विषय, रामपाल सिंह स्मृति ला कालेज, रायबरेली में विधि तीन वर्षीय, बाबू भीषण सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन रायबरेली में बीए व एमए के नं अतिरिक्त विषय, मणिराजी पांडेय शिक्षण एवं प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय रायबरेली में बीए, यशराज इंस्टीट्यूट आफ हायर एजुकेशन गोमती नगर में बीबीए-बीसीए, ज्यूरिस कालेज आफ ला में तीन वर्षीय विधि, सत्यवती पटेल महाविद्यालय ममरी लखीमपुर खीरी में बीएससी, आदर्श जनता महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में एमए गृहविज्ञान, स्मृति महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में एमएससी कृषि (एग्रोनामी एंड हार्टिकल्चर) और श्री प्रभु दयाल महाविद्यालय, कसमंडा सीतापुर में एमए गृह विज्ञान एवं शिक्षा शास्त्र पाठ्यक्रम को अस्थायी सहयुक्तता देने पर निर्णय होगा।

कैश ग्राइज के साथ स्वर्ण पदक भी : मानविकता विभाग की शिक्षिका प्रो. मधुरिमा प्रधान अपने पिता की स्मृति में सकारात्मक मनोविज्ञान पेरेंट एवं सर्वाधिक अंक लाने वाले मेधावी को भगु प्रकाश स्मृति पुरस्कार के रूप में दो हजार रुपये कैश ग्राइज और प्रमाण पत्र देती हैं। अब इसमें बदलाव करते हुए भगु प्रकाश मेधावियत स्वर्ण पदक, एक हजार रुपये की प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा डा. वर्षा शर्मा 1977 बैच स्कालरशिप अवार्ड के नाम से 12,50,000 के एंडोमेंट फंड स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव भी कार्यपरिषद में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

शिक्षकों के प्रमोशन का भी प्रस्ताव : बैठक में कई शिक्षकों के स्थायीकरण, शिक्षक श्री सम्मान से अलंकृत वाणिज्य विभाग के शिक्षक प्रो. सोमेश कुमार शुक्ला को 15 अगस्त 2023 की अधिवर्षता आयु पूरी करने के बाद दो साल का सेवा विस्तार करने, संविदा शिक्षकों के त्याग पत्र सहित सोशियोलाजी, मैथमेटिक्स, वेस्टर्न हिस्ट्री, उर्दू और एजुकेशन विभागों में हुई चयन समिति की संस्तुतियों के आधार पर 16 शिक्षकों के प्रमोशन पर निर्णय लिया जाएगा।

नए सत्र से बीएससी, बीबीए की पढ़ाई

चौक स्थित कालीचरण पीजी कालेज में नए सत्र 2023-24 से बीएससी और बीबीए की पढ़ाई भी शुरू होगी। अन्य पाठ्यक्रमों के साथ इसमें भी आवेदन प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी। प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि अभी तक बीए, बीकाम के साथ परास्नातक कोर्स संचालित हैं। अब नए सत्र से बीएससी व बीबीए में भी प्रवेश लिए जाएंगे। स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन की प्रक्रिया एक अप्रैल से आनलाइन https://kcpgclko.in/ व आफलाइन माध्यम से लिए जा सकेंगे। आवेदन का शुल्क 600 रुपये है। कालेज में बीए की 980, बीएससी 240, बीबीए 60, बीकाम 360, पीजी 220, एमकाम प्योर 60, एमकाम एलाइड 60 सीटें हैं।

मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

लवि के द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी की ओर से इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.राम मनोहर लोहिया नेशनल ला यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान रहे। विधि संकाय के डीन प्रो. बंशीधर सिंह ने छात्रों को मूट कोर्ट का महत्व समझाया। प्रो. बलराज चौहान ने प्रतिभागियों को हार और जीत पर निर्भर न होकर बढ़ चढ़ कर भागीदारी लेने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के शिक्षक समन्वयक प्रो. राधेश्याम प्रसाद भी उपस्थित रहे। लवि ने यूजीसी की कार्यपरिषद में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

लवि के 31 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 31 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। यह सभी बीटेक पाठ्यक्रम के हैं।

प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि आइबीएम में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन एसोसिएट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। लर्निंग रूट्स में बीटेक की छात्रा दिव्यांशी का चयन सेल्स एसोसिएट के पद पर 5.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज, स्किलवर्टेक कंपनी में बीटेक के 29 छात्र-छात्राओं अभिनव, आदित्य पांडेय, अमान अली, अंकित सिंह, जतिन कश्यप, कार्तिकेय कुमार, कृष्णकांत, क्षमा दुबे, नेहा मौर्या, निखिल सोनी, रजनीश कुमार, शिवांगी, शिवानी सिंह, उत्कर्ष मेहरा, अन्नया यादव, कोमल, निशा यादव, प्रतिक्षा बाजपेयी, प्रियंका कुशवाहा, साक्षी वर्मा, सौम्या, वरुण कुमार, मोहम्मद साद, रघुवंश शर्मा, शंकर कुमार, सोनाली शर्मा, जेबा, आदर्श कुमार और नितिन वर्मा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 6.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित छात्र- छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लवि ने क्षय रोग से पीड़ितों को दी पोषण सामग्री

विश्व क्षय रोग दिवस पर इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों को पोषण सामग्री वितरित की गई ● सौजन्य से लवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की दीनदयाल शोधपीठ में शुक्रवार को विश्व क्षय रोग दिवस को निक्षय दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डीन एफेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन उपस्थित रहीं। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग द्वारा गोद लिए गए क्षय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को भुना चना, गुड़, मूंगफली, चिवड़ी, सत्तू, और अन्य आवश्यक पोषक सामग्री की पोषण पोटली वितरित की। प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि क्षय रोग को जड़ से मिटाने के लिए सभी का प्रयास जरूरी है। महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डा. मानिनी श्रीवास्तव, समाज कार्य विभाग के हेड प्रोफेसर अनूप कुमार भारतीय ने भी अपने विचार रखे। (जासं)

PIONEER PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय के 31 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चार कंपनियों में 31 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि आईबीएम में बीटेक के छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव का चयन एसोसिएट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, लर्निंग रूट्स में बीटेक की छात्रा दिव्यांशी का चयन सेल्स एसोसिएट के पद पर 5.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, साथ ही स्किलवर्टेक कंपनी में बीटेक के 29 छात्र,छात्राओं अभिनव, आदित्य पांडेय, अमान अली, अंकित सिंह, जतिन कश्यप, कार्तिकेय कुमार, कृष्णकांत, क्षमा दुबे, नेहा मौर्या, निखिल सोनी, रजनीश कुमार, शिवांगी, शिवानी सिंह, उत्कर्ष मेहरा, अन्नया यादव, कोमल, निशा यादव, प्रतिक्षा बाजपेयी, प्रियंका कुशवाहा, साक्षी वर्मा, सौम्या, वरुण कुमार, मोहम्मद साद, रघुवंश शर्मा, शंकर कुमार, सोनाली शर्मा, जेबा, आदर्श कुमार और नितिन वर्मा का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 6.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित छात्र- छात्राओं को बधाई दी। (संवाद)

TRUE TIMES PAGE 2

पूर्वे में गोद लिए गए 24 क्षय रोगियों ने अपना उपचार का कोर्स पूरा कर लिया

टू टाइम्स संवाददाता

24 मार्च 2023 को वीश्वभात सोमवीर, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व क्षय रोग दिवस को अधिष्ठाता पदेन, कुलाधिपति, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश के निदेशक व कार्य संकाय अध्यक्ष प्रो. आलोक कुमार राय,कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में निक्षय दिवस के रूप में मनाया गया।

प्रोफेसर पूनम टंडन, डीन अकादमिक व छात्रकल्याण प्रमुख अधिष्ठाता ने बताया कि भारत में तेजी से बढ़ते क्षयरोग को रोकने के कारण जीवन की गुणवत्ता अत्यन्तकठिनाई की गुरुत्वाकर्षण है। जिसमें कुपोषण के कारण भी परिवार चलते जाते है। इसमें निक्षयरत बहुत जरूरी है, जो कि आपसी सहयोग, सहाज व सामाजिक उत्तरदायित्व के कारण बढ़ते हुए इस रोग को रोक सकते है। श्री भारतीय ने कहे भी